# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–31 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला भारत की नारी शक्ति को चुनौती थी और यह इस हमले की साजिश करने वालों के लिए मौत का संदेश साबित हुआ है। यह बातें आज उन्होंने भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की तीन सौवीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी भी तरह का परोक्ष युद्ध बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसी किसी भी आतंकी कार्रवाई से सख्ती से निपटा जाएगा।

**ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध प्रोक्सी वार नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी लेकिन यही चुनौती उनके लिए और उनके आकाओं के लिए घातक साबित हुई। हमारी सेना ने सैकडों किलोमीटर भीतर जाकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में अब तक की सबसे बडी सफलता है।

**********

कोलंबिया ने आधिकारिक तौर पर अपना बयान वापस ले लिया है, जो उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों के बाद पाकिस्तान में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त करते हुए जारी किया था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की कोलंबिया की विदेश उप–मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेनियो के साथ हुई बैठक के बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस लिया है। इस बीच, शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिष्टमंडल ने सिएरा लियोन की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। वहीं, डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व वाले शिष्टमंडल ने लातविया में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की।

**********

राष्ट्र ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को याद कर रहे हैं।

**जनवरी 1923 में हिमाचल प्रदेश में जन्मे मेजर सोमनाथ शर्मा फरवरी 1942 में सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। मेजर शर्मा ने अक्टूबर 1947 में जब पाकिस्तान के कबालियों ने जम्मू कश्मीर पर हमला किया तो हाथ में प्लास्टर लगे होने के बावजूद मेजर सोमनाथ शर्मा चार कुमाऊं की डी कंपनी का नेतृत्व करने पर अड़े रहे। 3 नवंबर को उनकी कंपनी को बडगाम के पास एक पोजीशन संभालने का काम सौंपा गया। दोपहर में लगभग ढाई बजे उनकी टुकड़ी पर छोटे हथियारों मोर्टार और भारी ऑटोमैटिक हथियारों से सुसज्जित दुश्मन के लगभग सात सौ सैनिकों ने अचानक हमला कर दिया। घातक हमले के बावजूद अपने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए मेजर शर्मा अपने जवानों को डटे रहने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे। मेजर शर्मा जब दुश्मनों से लड़ रहे थे तभी उनके पास रखे गोला बारूद पर मोर्टार का एक गोल फट गया। बडगाम की लड़ाई में मेजर शर्मा एक जेसीओ और उनकी कंपनी के 20 अन्य रैंकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। मेजर सोमनाथ शर्मा को उनके शानदार नेतृत्व और बहादुरी के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की मौजूदगी में इलाहाबाद हाई कोर्ट परिसर में छह सौ अस्सी करोड़ रूपये से बने अधिवक्ता चैम्बर्स व पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कानून के शासन में बार–बेंच के साथ ही वादकारी का भी महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज यूपी में भारत के विरासत की भूमि है। यह भूमि प्राचीन काल से ही मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी के साथ ही आधुनिक भारत की तरफ धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश दुनिया का ध्यान आकर्षित करती है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। दो पालियों में सुबह नौ बजे से बारह बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा सम्पन्न होगी। इस बार बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी दी गयी है।

**********

हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के आलमनगर रोड पर फतेहपुर गाजी के निकट आज तड़के अनियंत्रित कार के पलटने से छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं।

**********